तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025



13 श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति ने रंगपंचमी...





14 होली मिलन समारोह में उड़े गुलाल और जमकर...






# मैनपुर, धवलपुर, तौरेंगा, कुल्हाड़ीघाट उदंती के घने जंगल आग की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- देर शाम मैनपुर क्षेत्र में हुई बारिश से आगजनी की घटना से राहत मिलने की उम्मीद

जिले के भीतर मैनपुर, धवलपुर, तौरेंगा, कुल्हाड़ीघाट, उदंती अभ्यारण्य के जंगल इन दिनों आग की लपटो में घिरा हुआ है हालंकि वन विभाग द्वारा जंगल को आग से बचाने दावे किये जा रहे है लेकिन अब तक हजारो हेक्टेयर जंगल में आग लग चुकी है। नेशनल हाइवे 130 सी गरियाबंद मैनपुर देवभोग मार्ग में जगह -जगह जंगल में आग लगने के कारण इसकी तपिश से आने जाने वाले राहगीर भी परेशान हो गये है सड़क में चारो तरफ धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा है सबसे ज्यादा पहाड़ी इलाका प्रभावित है क्योकि पहाड़ी इलाके में आग को काबू करने में भारी परेशानी का सामना विभाग को करना पड़ता है साथ ही वन विभाग के पास आग से जंगल को बचाने के लिए पर्याप्त संसाधन का अभाव भी बना हुआ है आज भी पारंपरिक बांस की लकड़ी और झाड़ु के माध्यम से आग को बुझाते फायर वाचर दिखाई देते है हालंकि विभाग द्वारा आग बुझाने के लिए ब्लोवर विभाग को उपलब्ध कराया गया है लेकिन इसमें हवा निकलता है और इससे आग पर पर्याप्त काबू नही पाया जा सकता सिर्फ पत्ते को हटाया जा सकता है। आज शुक्रवार देर शाम क्षेत्र में हुई हल्की बारिश के बाद अब जंगल की आग में काबू पाने की उम्मीद लगाई जा रही है बहरहाल मार्च में गर्मी प्रारंभ होते ही क्षेत्र के जंगलो में जगह -जगह आगजनी की घटना बढ़ गई जिससे खासकर वन्यप्राणी व्याकुल हो गये और वन्यप्राणी गांव के नजदीक दिखाई देने लगे हैं जिसके चलते एक ओर जहां वन्यप्राणियों द्वारा ग्रामीणों पर हमला का डर बना हुआ है वहीं दूसरी ओर वन्यप्राणियों की सुरक्षा भी खतरे में है।

**पुराने तरीके से ही काबू पाने का प्रयास, आधुनिक तकनीक का नहीं हो रहा उपयोग**





### बारिश के बाद आग से मिलेगी राहत

मैनपुर, गरियाबंद, धवलपुर, कुल्हाड़ीघाट, तौरेंगा, उदंती क्षेत्र के जंगल में गर्मी के साथ ही आगजनी प्रारंभ हो गई थी जिसके पीछे प्रमुख वजह जहां तेंदूपत्ता के ठेकेदार के खास लोगो को माना जाता है वही दूसरी ओर महुआ संग्रहण के लिए जंगल में पेड़ के नीचे आग लगाकर छोड़ देने से भी आगजनी की घटना तेजी से बढ़ती है बहरहाल क्षेत्र के जंगल में आगजनी से भारी छोटे -छोटे पौधे नुकसान होते है वही पर्यावरण के लिए भी यह घातक है लेकिन आज शुक्रवार को देर शाम मैनपुर क्षेत्र में हुई हल्की बारिश के बाद अब काफी हद तक आगजनी की घटना में रोकथाम लगने की उम्मीद है।

### आगजनी की जानकारी सेटेलाइट से मिल रही है :वरूण जैन

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष जंगल में ज्यादा आगजनी की घटना हुई है उन्होने बताया पिछले वर्ष 446 प्वाइंट मिले थे लेकिन इस वर्ष अभी तक 700 के ऊपर प्लाइंट मिल चुके है। उन्होने बताया लगातार वन विभाग के अमला जंगल में लगी आग पर काबू पाने प्रयासरत है। आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए ब्लोवर विभाग के पास उपलब्ध है आगजनी की जानकारी मिलने पर स्थानीय अमले को संसाधनों के साथ भेजा जाता है वहां जरूरत के अनुसार फायर सिस्टम, धूल और आगजनी वाले स्थान पर पानी का छिड़काव कर उसे आगे बढने से रोकने के लिए इलाकों को काट दिया जाता है। उन्होने बताया आज हुई बारिश से अब जंगल में आगजनी की घटना पर पूरी तरह काबू पाया जायेगा। वन विभाग के अफसर कहते हैं कि हाईटेक तकनीक की वजह से आगे लगने की सूचना तो आसानी से मिल जाती है, लेकिन इसे नियंत्रित करना काफी मुश्किल और जोखिम भरा काम होता है। वन विभाग की ओर से उठाएं गए ज्यादातर कदम आग लगने से बचने के लिए होते हैं, लेकिन आग लगने के बाद उनके पास इसे रोकने के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं है। दूसरी तरफ लगातार जंगलों में लग रही आगे की वजह से पर्यावरण के साथ अन्य खतरें भी बढ़ गए हैं।

## आंगनबाड़ी व सहायिका भर्ती मामले की जांच शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में फर्जी अंकसूची दिखाकर नियुक्ति मामले में अब जिला स्तरीय जांच समिति ने जांच शुरू कर दी है। यह मामला देवभोग में 16 नियुक्तियों से संबंधित है, जहां उम्मीदवारों ने कथित तौर पर जाली दस्तावेज जमा किए थे। जिला स्तरीय जांच समिति का गठन कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने किया है। समिति की अध्यक्षता अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय कर रहे हैं। समिति में जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय, देवभोग एसडीएम तुलसी दास मरकाम और जिला पंचायत अधिकारी अभिषेक पाठक शामिल हैं। समिति ने सीडीपीओ और बीईओ को सभी भर्ती दस्तावेज जमा करने का आदेश दिया है। पूंजीपारा आंगनबाड़ी भर्ती में जाली अंकसूची का मामला सामने आने के बाद प्रधान पाठक और नियुक्त महिला अभ्यर्थी के खिलाफ देवभोग थाने में मामला दर्ज किया गया था। जनवरी में कोदोभाठा आंगनवाड़ी में भी 67% अंकों को 81% दिखाने का मामला उजागर हुआ। कुम्हडई खुर्द भर्ती मामले में भी ▶▶|शेष पेज 12 पर

## अमलीपदर में अतिरिक्त 108 एंबुलेंस की मांग





**स्वास्थ्य मंत्री से जिला पंचायत अध्यक्ष ने की मुलाकात**

**गरियाबंद।** जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने गुरुवार देर रात राजधानी रायपुर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक अतिरिक्त 108 एंबुलेंस की मांग रखी, ताकि उरमाल और झरगांव क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाएं बाधित न हों। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मंत्री को बताया कि अमलीपदर क्षेत्र काफी बड़ा है, जिसके कारण झरगांव और उरमाल में आपातकालीन सेवाएं अक्सर प्रभावित होती हैं। उन्होंने देवभोग में संचालित ब्लड बैंक यूनिट के सुचारू संचालन के लिए लैब ▶▶|शेष पेज 12 पर

## एक पखवाड़े में 8 ने खुदकुशी की कोशिश की, तीन की मौत



**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे 130 सी पर बसा ग्राम इंदागांव में इन दिनों हड़कंप मचा हुआ है पिछले एक पखवाड़े के भीतर इस ग्राम में आत्महत्या की घटनाओं से डर और दहशत देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार एक पखवाड़े के भीतर 8 लोगो ने आत्महत्या करने की कोशिश की जिसमें 3 लोगो की मौत हो गई और 5 लोगो को ग्रामीणों ने बचाया। जिसके बाद से पूरे गांव में भारी डर दहशत देखने को मिल रहा है और इसकी जानकारी जिला चिकित्सा अधिकारी गरियाबंद डॉ गर्गी यदु को दिया गया तो उन्होने गांव में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाकर लोगो को सलाह और उपचार किया जा रहा है। **इंदागांव में लगा चिकित्सा शिविर-** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इंदागांव में 20 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ▶▶|शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### निशुल्क मड थैरेपी शिविर में 250 मरीजों का उपचार

**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 से 25 मार्च तक रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कालोनी में प्राकृतिक मड थैरेपी से मरीजों का निःशुल्क उपचार करने चिकित्सा शिविर आयोजित है।



छत्तीसगढ़ में पहली बार अपनी तरह के इस अनूठे शिविर में 26 प्रकार की जड़ी बूटियों से निर्मित मिट्टी का लेप कर उदयपुर के प्रशिक्षित डॉ. बीडी शर्मा और उनके साथ 15 सदस्यीय टीम सेवा दे रही है। शिविर के दूसरे दिन 250 मरीजों ने शिविर स्थल पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन,प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरली अग्रवाल सहित उनकी टीम शिविर स्थल पर व्यवस्था बनाये रखने सहयोग प्रदान कर रही है।

### मुंबई के सिंधी कलाकारों का नाट्य मंचन कल



**रायपुर।** चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था 'एक पहल और' द्वारा 22 मार्च को शहीद स्मारक भवन राजबंधा मैदान में मुंबई के सिंधी कलाकारों द्वारा सिंधी नाटक सिंधियत जी खुशबू एवं आई लव यू का नाट्य मंचन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी और प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया कि मुंबई के कलाकारों की टीम द्वारा समाज में बढ़ रही सामाजिक समस्या एवं पारिवारिक समस्या को बहुत ही सुंदर तरीके से नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### दिल्ली में संत साईं जलकुमार मसंद का किया सम्मान



**रायपुर।** रायपुर निवासी सिंधी समाज के प्रख्यात संत साईं जलकुमार मसंद साहिब के दिल्ली पधारने पर पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल धाम अशोक विहार, भारतीय सिंधु सभा दिल्ली प्रांत, इंडस सिंधु आर्गेनाइजेशन आदि संस्थाओं की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनका भव्य सम्मान किया गया। इस मौके पर साईं मसंद साहिब ने बताया कि वे परम धर्म संसद की बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचे थे। साईं मसंद साहिब ने जानकारी देते हुए बताया कि वे आगामी 23 मार्च को अमर शहीद हेमू कालाणी के जन्मदिवस के अवसर पर कानपुर के सिंधु इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं हेमू कालाणी मेमोरियल शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर अपना आशीर्वाद देंगे।।

# पिछली गर्मी में खराब वाटर कूलर सुधरा नहीं तो छात्रों ने विभाग के दफ्तर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पानी की सभी लोगों को जरूरत होती है। यह सुविधा शासकीय कन्या एवं बालक छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं को भी दी जा रही है, लेकिन राजधानी रायपुर के पेंशनबाड़ा में संचालित दो बालक छात्रावास हैं, जहां पिछली गर्मी से खराब पड़े वाटर कूलर को अब तक सुधारा नहीं गया है। इसके कारण इन दोनों छात्रावास में रहने वाले छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। इससे परेशान होकर छात्रों ने गुरुवार को खराब पड़े दोनों वाटर कूलर को छात्रावास से उठाकर कलेक्टोरेट स्थित आदिम जाति विकास विभाग के दफ्तर में छोड़ दिया है। पेंशनबाड़ा स्थित शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के अध्यक्ष राजपुरोहित सोनवानी ने बताया कि छात्रावास में विभाग द्वारा वाटर कूलर लगाया गया था। इस वाटर कूलर को खराब हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, जिसके कारण छात्रों को शुद्ध और ठंडा पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। प्री मैट्रिक छात्रावास में भी वाटर कूलर कई महीनों से बिगड़ा पड़ा हुआ है। दोनों वाटर कूलर को ठीक करने के लिए विभाग को आवेदन भी दिए गए हैं, लेकिन अब तक इसे सुधारा नहीं गया है। गर्मी का सीजन शुरू हुए डेढ़ महीने से अधिक समय हो चुका है। इसके बाद भी वाटर कूलर को ना ही सुधारा गया और न ही उसकी जगह नया वाटर कूलर दिया गया है।





**रिप्लेस कर नए वाटर कूलर लगाए जाएंगे**

सुधारने के बाद वाटर कूलर खराब हो गए हैं। इन दोनों को अब रिप्लेस किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक-दो दिनों के भीतर नए वाटर कूलर लग जाएंगे।

- **विजय सिंह कंवर**, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायपुर

### नया वॉटर कूलर दिया जाएगा

उन्होंने कहा कि आवेदन करने के बाद वाटर कूलर को नहीं सुधारे जाने के विरोध में अब समस्त छात्रों ने निर्णय लिया कि इस खराब वाटर कूलर को विभाग को वापस कर देंगे। इस निर्णय के तहत छात्रों ने गुरुवार को दोनों छात्रावास के वाटर कूलर को विभाग के दफ्तर में छोड़ दिया है। इधर इस मामले में विभागीय अधिकारी का कहना है कि वाटर कूलर खराब हुए थे, जिसे आवेदन मिलने के बाद सुधारा गया था, लेकिन अब दोनों फिर खराब हो गए हैं। इन दोनों वाटर कूलर को अब रिप्लेस कर नया वाटर कूलर छात्रावासों को दिए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## पुलिस तथा सटोरियों के बीच लुका छिपी का खेल शुरू

# आज से शुरू हो रहे आईपीएल मैच के लिए सटोरियों ने बिछाई बिसात

**सटोरियों की तैयारी**

- शहर के बाहर अलग-अलग फार्म हाउस में ठिकाना।
- पुराने सभी नंबर बंद।
- होटल में दूसरे के नाम से रूम।
- बड़े बुकी शहर पहले ही छोड़ दिए।
- दुबई के नंबर का उपयोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चैंपियंस ट्रॉफी मैच के समाप्त होते ही शनिवार से पूरे देश में आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज होने जा रहा है। आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित होगा। इसे रोकने पुलिस ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी के साथ ही सटोरिये पुलिस से बचने सट्टा संचालित करने हाईटेक तरीका अपना रहे हैं। पुलिस से बचने के लिए बुकी हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई, गोवा, कोलकाता में अड्डा जमाकर बैठे हुए हैं और वहीं से वे अपने एजेंटों (पंटर) के जरिए दांव लगवाने की तैयारी की है।

महादेव सट्टा एप के खिलाफ पूर्व में की गई कार्रवाई को देखते हुए सटोरिये रायपुर में ज्यादा जोखिम नहीं उठाना चाहते। इसीलिए बड़े बुकी क्रिकेट सट्टा संचालित करने नए एजेंट तलाश कर उनके भरोसे दांव लगवाने की फिराक में हैं। बड़े बुकी पैसों का जोखिम कम करने अपने एजेंटो से एडवांस में रकम हासिल कर उन्हें सट्टा संचालित करने लाइन दे रहे हैं। साथ ही बड़े बुकी अपने एजेंटों को उनसे कम से कम संपर्क रखने की हिदायत दे रहे हैं।

### मैनुअल की जगह इंटरनेट कॉलिंग

सट्टा संचालित करने मोबाइल से मैनुअल कॉल करने पर कॉल ट्रेस होने के साथ ही कॉल रिकार्ड होने का खतरा बना रहता है। इससे बचने सटोरियों ने इंटरनेट कॉलिंग से एक दूसरे के साथ संपर्क करने का तरीका खोजा है। पुलिस को इस बात की जानकारी हाल के दिनों में पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ करने पर मिली है। इंटरनेट कॉलिंग के साथ ही सटोरिया वाट्सएप कॉल से एक दूसरे के साथ संपर्क स्थापित करेंगे। सटोरिए सट्टा लेन-देन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से करेंगे।

### एक हजार खाइवालों की सूची तैयार

अफसरों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की टीम ने पूर्व में पकड़े गए खाइवालों की सूची तैयार कर उनकी पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस की अब तक की पड़ताल में ज्यादतर खाइवाल नहीं मिले। साथ ही उनके पुराने नंबर बंद बता रहे हैं। पूर्व में पकड़े गए सटोरिये वर्तमान में कौन सा नंबर इस्तेमाल कर रहे हैं, क्राइम ब्रांच की टीम इस संबंध में जानकारी जुटा रही है।

**कॉल ट्रेस से बचने बड़े सटोरिये दुबई के नंबर तथा वाट्सएप कॉल से कर रहे संपर्क**




### कार में घूम-घूम कर खिलाने का ट्रेंड

सट्टा संचालित करने सटोरियों ने पिछले कुछ वर्षों से पैटर्न बदला है। सटोरिये एक जगह बैठकर सट्टा संचालित करने के बजाय कार में घूम-घूमकर सट्टा संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही बड़े होटलों में सट्टा संचालित करने सटोरियों ने अभी से किसी दूसरे व्यक्ति की आईडी से रूम बुक करा लिया है।

### आईडी पासवर्ड और लेन बाई लेन होता है

बड़े-बड़े शहरों में बैठे कई बुकी छोटे-छोटे कस्बों में अपनी लाइनें देते हैं और ये लाइनें अपनी विशेष आईडी पासवर्ड से खुलती हैं। इसी के साथ-साथ नए तरीकों में ये बुकी एप व विशेष वेबसाइटों द्वारा भी इस कारोबार संचालित करते हैं। बड़े शहरों से ये क्रम तथा छोटे शहरों और कस्बों में और छोटे कस्बों से आम सट्टेबाजों तक लाइन बाई लाइन ये धंधा संचालित होता है।

### सटोरियों के खिलाफ पुलिस की तैयारी

- क्राइम की विशेष टीम तैयार की कई है।
- पुराने सटोरियों के नंबर और उनके ठिकाने पर खोज की जा रही।
- दुबई से लौटे सटोरियों पर नजर।
- हाल ही में कितने लोग शहर छोड़कर बाहर गए हैं उनकी जानकारी।
- रायपुर के रहने वाले जो लोग बड़े होटले में किराए से रह रहे हैं उनकी जांच।

**पहले से तैयारी की है**

आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा पर अंकुश लगाने हमने पहले से तैयारी की है। पुराने सटोरियों की पतासाजी की जा रही है। हाईटेक तरीके से संचालित सट्टा पर अंकुश लगाने साइबर सेल की टीम सट्टा से जुड़ी सभी वेबसाइट की निगरानी करेगी।

**संदीप मित्तल**, एडिशनल एसपी, क्राइम, रायपुर

## समाज में प्रेम, सहयोग और सेवा भाव को बढ़ावा देने की जरूरत



**गरियाबंद।** गायत्री मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित जैन मुनि ऋषभ सागर जी महाराज के प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने अपने ओजस्वी प्रवचन में समाज में बढ़ते स्वार्थ, रिश्तों की गिरती पवित्रता और नैतिक मूल्यों के क्षरण पर चिंता जताई। कहा, सज्जन व्यक्ति के लिए हर युग सतयुग है और दुर्जन के लिए सतयुग भी कलयुग।

ऋषभ सागर ने कहा कि आज की पीढ़ी भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर इतनी आकर्षित हो गई है कि रिश्तों की अहमियत कम हो रही है। जिस देश में श्रवण कुमार जैसे पुत्र हुए, वहां माता-पिता को वृद्धाश्रम भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। पहले अजनबियों तक पर भरोसा किया जाता था, अब अपनों पर भी विश्वास कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा, हमारी मान्यताएं ही जीवन की दिशा तय करती हैं। यदि हम अच्छा सोचेंगे, तो सब अच्छा होगा। समाज में प्रेम, सहयोग और सेवा भाव को बढ़ावा देने की जरूरत है। जो व्यक्ति दूसरों की मदद और कल्याण के लिए तत्पर रहता है, वही सच्चा मानव कहलाने योग्य है। ऋषभ सागर जी ने कहा, /"मानवता जिनके अंदर है, वही सच्चे मानव हैं।/" जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, करुणा और परोपकार की भावना अपनानी होगी। उन्होंने कहा, /"यदि हम एक अच्छाई छोड़ते हैं, तो दस बुराइयाँ हमें घेर लेती हैं। इसलिए जरूरी है कि परंपराओं, संस्कारों और नैतिकता को बनाए रखें।

गुरूवर के प्रवचन ने लोगों को आत्मचिंतन और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हम नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता दें, अपनों के साथ विश्वास और प्रेम बनाए रखें और समाज के कल्याण के लिए कार्य करें, तो आदर्श समाज का निर्माण संभव है। इस दौरान ललित पारख, विकास पारख, मिलेश्वरी साहु, सुमित पारख सहित जैन समाज एवं धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ठगी की शिकायत पर दो साल बाद 14 के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 56 हजार वर्गफीट जमीन बेचने साढ़े सात करोड़ में सौदा कर चार करोड़ 21 लाख एडवांस ले चुके

पुरानी बस्ती थाने में बिरगांव के एक व्यक्ति ने दो वर्ष पूर्व जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसने प्रोफेसर कालोनी में 56 हजार वर्गफीट जमीन खरीदने का सात करोड़ 47 लाख 60 हजार रुपए में सौदा किया था। साथ ही वह जमीन बेचने के एवज में चार करोड़ 21 लाख रुपए एडवांस दे चुका है। एडवांस लेने वाले जमीन रजिस्ट्री कराने के बजाय जमीन बेचने से इनकार तो किया ही, साथ ही एडवांस रुपए लौटाने से इनकार कर दिया।

उरकुरा निवासी पतिराम साहू की शिकायत पर पुलिस ने पुरानी बस्ती, महामाईपारा निवासी सुपेता मटियारा, विजय सपहा, बृजलाल, राकेश, दीपक, कमला बाई, दसरी बाई, मुटन बाई, हीरा बाई, लक्ष्मिन बाई, ममता, करुणा, शकुन एवं सरस्वती बाई के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पतिराम ने पुलिस को बताया है कि उसने संबंधित लोगों से जमीन खरीदने इकरारनामा करने के बाद उन्हें वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के बीच मकान बनवाने से लेकर मोबाइल खरीदने तथा अन्य कार्यों के लिए चार करोड़ 21 लाख रुपए एडवांस दे चुका है। पतिराम ने जिन लोगों से जमीन खरीदने सौदा किया था, उस जमीन को अन्य लोगों को बेचने पैसे एडवांस लेकर जमीन मालिकों को दिया था।

## लोककर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक ने किया पदभार ग्रहण



**रायपुर।** गांधी सदन में गुरुवार को लोककर्म विभाग के अध्यक्ष और शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के पार्षद दीपक जायसवाल ने गणेश जी की पूजा अर्चना कर शंख ध्वनि के बीच पदभार ग्रहण किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना आचार्य जनों की उपस्थिति में कराई गई। इस मौके पर श्री जायवाल को बधाई देने वालों में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, अपर आयुक्त विनोद पांडे, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता वार्डवासी उपस्थित रहे।

**1.2 घरेलू विद्युत उपकरणों के रख-रखाव व सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित**

# कॉलेज के छात्रों को शार्ट-सर्किट एवं विद्युत झटकों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में भौतिक शास्त्र विभाग व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को घरेलू विद्युत उपकरणों व उनके व्यवस्थित संचालन व विद्युत झटकों से सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

कार्यशाला उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य श्वेता मिश्रा के द्वारा किया गया। श्रीमती मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय आपके सैद्धांतिक ज्ञान के विकास के साथ कौशल विकास पर प्रयास करता हैं। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आवश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक कमलेश्वर प्रसाद निषाद ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाविद्यालय की सर्वोत्तम प्रथाओं में से एक प्रथा के रूप में हम छात्र–छात्राओं को जीविकोपार्जन के लिए आप सभी में एक कौशल विकसित करना चाहते हैं। घरों में उपयोग होने वाले विद्युत उपकरण जैसे कि पंखे, टीवी, डिश एंटिना, स्विच बोर्डस, एक्सटेंशन बोर्डस, फ्रीज,कूलर आदि का सावधानीपूर्वक उपयोग कर खतरों से बचा जा सकता है। महाविद्यालय के छात्र-छात्रओं ने शार्ट-सर्किट, विद्युत झटकों तथा आकाशीय बिजली संबंधित घटनाओं के कारण तथा सावधानियां का विस्तृत रूप से ज्ञान अर्जित किया। कार्यशाला में स्नातक तथा स्नातकोत्तर के लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराया। कार्यशाला में डॉ. अलका कौशिक, तीरथ राम कपूर, देवेन्द्र पटेल, सतप्रीत सिंह गुरूदत्ता, कुमारी उर्वशी चंद्राकर, कुमारी देवश्री कुर्रे, कुमारी दविंदर कौर, डॉ. मोहन सिंह, ममता देवांगन, अंजलि देवांगन उपस्थित थे।





## संगठन को मजबूत करने कांग्रेसी कार्यकर्ताओ को दिए सुझाव

# पार्टी को मजबूत बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सद्भावना कुटी अभनपुर में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ एवं पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू संगठन को मजबूत करने उपस्थित कार्यकर्ताओ को सुझाव दिए गए। इस अवसर पर प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि पार्टी को मजबूत बनाना हमारा उद्देश्य है, जिला कांग्रेस कमेटी मजबूत बने ऐसी कार्य योजना बनाने के लिए पार्टी से निर्देश प्राप्त हुए है, आने वाले समय में पदाधिकारियो का चुनाव उस व्यक्ति की सामान्य छवि व उसकी समाज में पकड़ कितनी है, कार्यकर्ताओं के सुख- दुख में सहयोग करता है कि नहीं, सबको साथ लेकर चलने का सामर्थ है कि नहीं ऐसे व्यक्ति का ही ब्लॉक एवं जिले स्तर का कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी होगा, भारतीय कांग्रेस कमेटी ने तय किया है कि जोन स्तर में मंडल बनाए जाएगा संगठन को और अधिक मजबूत करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है लेकिन विगत डेढ़ वर्ष से बीच-बीच मे चुनाव के चलते काम को गति नहीं दे पा रहे है जिस तरह स्कूलों में नए बैच आगे बढ़ते रहते है उसी तरह राजनीति मे भी नए लोगों को जोड़ना और उनको आगे बढ़ाने का काम पार्टी द्वारा किया जा रहा है। हमारे दृष्टिकोण से हर छोटा से छोटा कार्यकर्ता नेता ही माना जाता है चाहे वह अपने मोहल्ले का नेतृत्व करें अथवा गांव का, मेरा मानना है कि गांव का नेता ही नींव का पत्थर है, सरकारे आप से ही बनती है, आप लोगों के सहयोग के बिना कोई भी राजनीतिक दल जनप्रतिनिधि नहीं बना पाता।

**अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को सम्मान दिलवाने का का कार्य कर रही कांग्रेस**

इस अवसर पर उन्होने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी किसी जाति पाति के खिलाफ नहीं है वह समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़ा व्यक्ति को मजबूत स्थिती में देखना चाहते है, आजादी के 70 साल भी समाज में एक सबसे बड़ा तबका ऐसा है जो चुनाव तो नहीं जीत सकता किंतु उसकी उपस्थिती कश्मीर से कन्याकुमारी तक है अगर हक व भागीदारी के बारे में समाज मे बराबरी पर कैसे लाये, उनको सम्मान कैसे दिलवाए ऐसे लोगों



को चिन्हित करने का काम केवल कांग्रेस पार्टी द्वारा ही किया जा रहा है। इस दौरान रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रम्हानंद साहू, नपां. अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद रानू राठी, नीलकमल गिलहरे, दीक्षा राठी, बीरेन्द्र सिन्हा, पार्थ वैष्णव, राजू शर्मा, दानी राम साहू, चंन्द्रहास साहू, जीतसिंग गांधी, सुनील कौशल, भोला सोनवानी, गिरधारी साहू, देवनंदनी साहू, शीला कलड़ा, नीमा निम्बेकर, धनराज मध्यानी, सुशील शर्मा, दीपाली राजपूत आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

### आंगनबाड़ी व सहायिका

एक अभ्यर्थी पर पुलिस ने कार्रवाई की गई।इन मामलों में जाली अंकसूची जारी करने वाले और इसे भर्ती प्रक्रिया में शामिल कराने वाले बड़े अधिकारी जांच से बाहर रहे। अगस्त 2024 में 16 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन निकाला गया था और भर्ती और नियुक्ति आदेश एक साथ जारी होने थे, लेकिन चयन समिति ने नियमों को ताक पर रख दिया। जिला पंचायत सदस्य देश बंधु नायक ने कहा है कि पहले बड़े दोषियों को बचाया जा रहा था, लेकिन अब जिला स्तरीय जांच समिति पर पूरा भरोसा है। उन्होंने यह भी कहा कि रुपए लेकर नियम तोड़ने वाले अब शिकंजे में आएंगे।

**होगी कड़ी कार्रवाई–** अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय ने कहा कि समिति का गठन हो गया है और भर्ती से संबंधित सभी दस्तावेज मंगवाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

### अमलीपदर में अतिरिक्त...

टेक्नीशियन की भी मांग की। इसके अलावा, उन्होंने नगर पंचायत देवभोग में अर्बन पीएससी यूनिट की स्थापना, एक्सरे टेक्नीशियन की नियुक्ति और सुपेबेडा में संचालित एंबुलेंस सेवा के नियमित भुगतान की भी मांग की। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जिला पंचायत अध्यक्ष की मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गौरी शंकर कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दों को सुनने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन समस्याओं का जल्द ही समाधान हो जाएगा।

### एक पखवाड़े में ...

डॉ. गार्गी यदु पाल के आदेशानुसार एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत जांगड़े के मार्गदर्शन में तथा मैनपुर बीएमओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम दल के क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट-राजेन्द्र निराला एवं सामाजिक कार्यकर्ता उमेश सोनी द्वारा ग्राम पंचायत इंदागांव, विकासखण्ड मैनपुर में 'आत्महत्या रोकथाम पर परामर्श एवं जन जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी तरह की समस्या होने पर टेली मानस सेवा के टोल फ्री नंबर 14416 पर (24 घंटे) कॉल करके अपनी समस्या के लिए विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं के संबंध में जानकारी दी गई।

# एक बच्चे को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक पदस्थ, 7 स्कूलों में एक ही बच्चा

## 15 से 17 किलोमीटर का सफर, 3 स्कूलों में कक्षा पांचवी में कोई भी दर्ज संख्या नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शासन द्वारा लगभग 15 साल बाद पुन 5वीं के बोर्ड परीक्षा के पुनः प्रारंभ किया गया है, 15 साल पहले की स्कूलों की स्थिति अलग थी और अब स्कूलों की स्थिति अलग है, परीक्षा के पूर्व सभी स्कूलों परीक्षा केंद्र बनाया गया है एवं सभी स्कूलों के प्रश्न पत्र थाना में जमा किया गया है जहां प्रतिदिन पेपर के पीछे में एक शिक्षक पेपर लेकर स्कूल पहुंचता है, जनपद पंचायत क्षेत्र में 232 प्राथमिक शाला संचालित है जहां पर लगभग 1836 बच्चे पांचवी की परीक्षाएं दे रहे हैं इसमें से 48 बच्चे आत्मानन्द स्कूल के हैं, कुल 1884 बच्चे परीक्षा दे रहे हैं, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है 3 स्कूलों में कक्षा पांचवी में कोई भी दर्ज संख्या नहीं है एवं साथ 7 प्राथमिक शाला स्कूल ऐसे हैं जहां पर दर्ज संख्या मात्र संख्या मात्र 1 है और एक परीक्षार्थी के लिए शासन द्वारा एक केंद्र प्रभारी, एक स्कूल शिक्षक व्यवस्था की गई है उसके लिए लगभग 15 से 17 किलोमीटर पेपर लाकर परीक्षा दिया जा रहा है, वर्तमान में कक्षा पांचवी की परीक्षा 17 मार्च 26 मार्च तक किया जा रहा है। इस से अंदाज लगाया जा सकता है कि स्कूल में पढ़ाई का स्तर क्या होगा और परीक्षा के दरमियान एक बच्चे के लिए दो शिक्षक तैनात होकर परीक्षा लिया जाना कितना अजीब सा लगता होगा? प्राथमिक शाला सरगी पारा, प्राथमिक शाला कटेल पारा, संजय नगर छुरा में कक्षा पांचवी में एक भी बच्चे पांचवी अध्यनरत नहीं है इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावक और बच्चों के क्या धारणा है, खासकर मुख्यालय में कक्षा पांचवी में एक भी बच्चे नहीं होने की वजह से इन तीन स्कूलों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। इस तरह 7 स्कूल जहां पर एक बच्चा कक्षा पांचवी बोर्ड का परीक्षा दे रहा है इसके लिए केंद्र प्रभारी एवं स्कूल शिक्षक तैनात है।



### सभी स्कूलों को बनाया गया परीक्षा केंद्र

इसी तरह स्कूल जहां पांचवीं बोर्ड की परीक्षा में सिर्फ एक बच्चे बैठ रहे हैं उनके लिए परीक्षा प्रभारी एवं स्थानीय शिक्षकों की परीक्षा कर रहे हैं जिसमें प्राथमिक शाला खदराही, प्राथमिक शाला तुम गांव, प्राथमिक शाला कमार पारा खट्टी, प्राथमिक शाला कलमीदादर, प्राथमिक शाला तिलई दादर एवं प्राथमिक शाला नावाडीह है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले ने कहा कि शासन के आदेश पर पांचवी की बोर्ड परीक्षा का संचालन जारी है एवं स्पष्ट रूप से निर्देश रहा है कि सभी स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया जाए।



## खबर संक्षेप



### बैमौसम बारिश ने महुआ संग्राहकों की बढ़ाई चिंता

**रसेला।** अंचल में अचानक शाम 7 बजे गरज के साथ हुई बारिश से महुआ संग्राहकों की मुश्किलें पैदा कर दी है। बदलते मौसम का सबसे ज्यादा नुक्सान क्षेत्र महुआ संग्राहकों को हो रहा है, जिनके लिए चमक के साथ हुई बारिश चिंता का विषय बन गए है। ग्रामीण महुआ फूल का संग्रह युद्ध स्तर जारी था। लेकिन अब इन्हें डर है कि कहीं ये मौसम फूल को प्रभावित ना कर दे, होली त्योहार से पहले ग्रामीण लोग महुआ फूल को इकट्ठा करना शुरू करते हैं ताकि अतिरिक्त आय अर्जित कि जा सके। इतना ही नहीं मौसम के कारण फूल के लिए मूल्य में गिरावट आ सकती हैं। मौसम का मिजाज बदल गया है। तेज हवा के साथ गरज चमक के बीच बारिश शुरू हो गई है। वहीं दूसरी तरफ अचानक हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सामाचार लिखने तक बारिश जारी रही। अचानक शुरू हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ईंट बनाने वालों की बारिश होने पर पॉलीथीन के लिए दूकान की दौड़े और खरीद कर बारिश से बचाने चल पड़े। इस तरह ग्रामीणो ने अपने महुआ फूल को जिस जगह सुखाने के लिए रखे थे उसे सुरक्षित करने में लगे।

### ग्राम विकास समिति के सचिव बने तामेश्वर साहू

**कोपरा।** ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित गांव सेमराडीह में समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्व समाज ग्राम विकास समिति का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष-एस कुमार, उपाध्यक्ष-गजेन्द्र कुमार साहू ,सचिव- तामेश्वर कुमार साहू, कोषाध्यक्ष-लेखराम सेन, सहसचिव-जितेन्द्र ध्रुव एवं कार्यकारिणी पदाधिकारी में होमन लाल साहु, दया राम यदु,कोमल निषाद, पंचराम यादव,मोहन साहु, नारायण लाल साहु, मकसूदन साहु, हीराराम साहु, अघनु राम साहू बने । जिसमें सचिव की अहम पद को देखते हुए तामेश्वर साहू सचिव की जिम्मेदारी को सौंपी गई हैं बता दें कि तामेश्वर साहू मीडिया क्षेत्र में अभी अपना कार्य कर रहे हैं जिससे नेताओं से लेकर अधिकारी कर्मचारी में उनकी जान पहचान बना हुआ है।



### ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता के लिए जवान चूड़ामणि का हुआ चयन

**मैनपुर।** जिले के प्रतिभाशाली पुलिस जवान चूड़ामणि देवता का चयन 25वें ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग एआईपीडीएम प्रतियोगिता 2024-25 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 17 से 22 मार्च 2025 तक तमिलनाडु कमांडो स्कूल ट्रेनिंग सेंटर, ओथिवक्कम, चेंगलपट्टू में आयोजित हो रही है। जिसमें कुल 31 राज्य के पुलिस व केंद्रीय फोर्स शामिल हुए है। इस उपलब्धि से न केवल पुलिस विभाग बल्कि पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। जिले का गौरव बढ़ाने वाले प्रधान आरक्षक चूड़ामणि देवता एवं एएसआई अभय गढ़ोंकर रायपुर जिले में पदस्थ है। अभय गढ़ोंकर,चूड़ामणि देवता इससे पहले भी विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी इस सफलता पर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा, एडीएसएनएल एसपी जितेंद्र चंद्राकर, एसडीओपी निशा सिन्हा एसडीओपी मैनपुर विकास पाटले सहित पुलिस परिवार और अधिकारियों ने बधाई दी। एसपी निखिल रखेचा ने देवता की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा की हमारी पुलिस फोर्स में कई होनहार खिलाड़ी हैं, जिन्हें हम हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। चूड़ामणि देवता की यह उपलब्धि हमारे लिए गौरव की बात है। हमें पूरा विश्वास है कि वे इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करेंगे और जिले का नाम ऊंचा करेंगे।



## आयोजन : अच्छे ग्रेड प्राप्त करने से बढ़ती है संस्थान की प्रतिष्ठा

# विश्वविद्यालय की गुणवत्ता सुधार में आदर्श कार्यप्रणाली का होना आवश्यक : प्रो. श्रीधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी में नैक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मूल्यांकन की प्रक्रिया एवं मानदंड पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के चौथे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर कलिंगा यूनिवर्सिटी, रायपुर के कुलपति एवं शिक्षाविद प्रो. आर श्रीधर थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने किया।

मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित कलिंगा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आर श्रीधर ने कहा कि सबसे लाहले तो सवाल यही है कि नैक किसी भी संस्थान के लिए क्यों आवश्यक है? जाहिर सी बात है कि उच्च शिक्षा के मानकों और भविष्य की योजनाओं पर कोई संस्थान कितना खरा उतरता है इसे जाँचने के लिए कोई तंत्र होना चाहिए। नैक होने के कई फायदे हैं। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और उद्योग के अनुरूप पाठ्यक्रम मिलते हैं। प्रमाणपत्र और डिग्री की विश्वसनीयता बढ़ती है, जिससे प्लेसमेंट और उच्च शिक्षा के अवसर बेहतर होते हैं। अच्छे ग्रेड प्राप्त करने से संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ती है, और विदेशी विश्वविद्यालयों और उद्योगों के साथ सहयोग के अवसर बढ़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय छात्रों और शोधकर्ताओं को आकर्षित करने में मदद मिलती है।



### महिलाओं की हो महत्वपूर्ण भूमिका

उन्होंने कहा कि इसके लिए पाठ्यक्रम और अनुसंधान केंद्रित फैकल्टी से लेकर पर्यावरण अनुकूल नीतियां ग्रीन कैंपस, सौर ऊर्जा, कचरा प्रबंधन नैतिकता, लैंगिक समानता, सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं सबकुछ शिक्षण संस्थानों के पास होना चाहिए और सबका डेटा होना चाहिए। आपके पास डिग्री है लेकिन छात्र आपकी कक्षा में नहीं है तो डिग्री का कोई महत्व नहीं है। इसलिए ऐसी पाठ योजना बनाइये कि छात्रों की उपस्थिति ज़्यादा से ज़्यादा हो। महिलाओं को विश्वविद्यालय के नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन कुमार स्वामी ने मुख्य वक्ता के संबोधन का सार प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य अतिथि का परिचय आयोजन सचिव डॉ पूनम वर्मा ने दिया तथा कार्यक्रम का संचालन सुश्री पूजा चौधरी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# कोसरिया यादव समाज के रामानंद बने जिला अध्यक्ष



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज जिला गरियाबंद का वार्षिक अधिवेशन 19 मार्च को कोचबाय में शिवचरण यदु की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव रायपुर के मुख्य अतिथि में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण जी की विधि पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजय यादव प्रांतीय अध्यक्ष रायपुर थे। विशिष्ट अतिथिगण उपाध्यक्ष माधव कुंवरसिंह यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, गुरुजी भगतसिंह यादव,किशन यादव रायपुर, प्रदेश महासचिव पूरन यादव राजिम,प्रदेश महामंत्री कमलेश यादव फिंगेश्वर थे। सभी अतिथियों का गुलाल एवं पुष्पहार से स्वागत अभिनंदन किया गया। वार्षिक अधिवेशन में विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजित किया गया था। 10वीं एवं 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ. अजय के कर कमलो द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिवेशन में तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनीत किया जिसमें ग्राम छूरा निवासी रामानंद यादव को जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव मधुबन, सचिव शोभितराम यादव फिंगेश्वर,सहसचिव कांतिलाल यादव कछारपट्टी,कोषाध्यक्ष गेंदलाल यादव,अनीता यादव राजिम को सर्वसम्मति से निर्विरोध पदाधिकारी मनोनीत किया गया एवं महिला प्रकोष्ठ गरियाबंद जिला अध्यक्ष मोतियानी यादव छूरा, उपाध्यक्ष लता यादव कछार पट्टी, जीतेश्वरी यादव मधुबन, सचिव जानकी यादव फिंगेश्वर, सह सचिव भुवनेश्वरी यादव, प्रचार मंत्री कोषाध्यक्ष लता यादव छूरा, संगठन मंत्री अनीता यादव राजिम को सर्वसम्मति से जिला पदाधिकारी मनोनीत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजय यादव प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा समस्त मनोनीत पदाधिकारियों के नाम विधि पूर्वक घोषणा किया गया है। कार्यक्रम का संचालन शोभित यादव ने किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष माधव कुंवर सिंह यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव गुरुजी, किशन यादव भगत यादव भगत सिंह यादव रायपुर, कमलेश यादव फिंगेश्वर, उक्त जानकारी प्रदेश महासचिव पूरन लाल यादव ने दी।

# श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति ने रंगपंचमी पर मनाया होली मिलन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- फूलों और गुलाल से दी पानी बचाने की प्रेरणा

होली के पावन अवसर पर श्रीराधे नवल किशोरी महिला मानस समिति द्वारा बूढ़ादेव महादेव बूढ़ेश्वर मंदिर में होली मिलन एवं रंगोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस खास मौके पर समिति की महिलाओं ने फूलों और गुलाल से होली खेलकर पानी बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने ढोलक की थाप पर फाग गीत गाए और पारंपरिक होली नृत्य प्रस्तुत किया। राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी ने समां बांध दिया और भक्तिमय वातावरण में सभी रंग गए। इस दौरान समिति अध्यक्ष मंजरी गुप्ता ने हंसी-मजाक से भरे "मस्ती भरे होली टाइटल" पढ़कर महिलाओं का खूब मनोरंजन किया। समिति अध्यक्ष मंजरी गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन दूसरे वर्ष भी सफलतापूर्वक किया गया, जिसका उद्देश्य घरेलू और कामकाजी महिलाओं को अपनी खुशियों के लिए कुछ पल निकालने का अवसर देना है। होली के दौरान पानी की बर्बादी रोकने के लिए प्रशासन की अपील को ध्यान में रखते हुए, समिति ने मथुरा-काशी की तर्ज पर फूलों और गुलाल से सूखी होली खेली। उन्होंने कहा कि "होली गिले-शिकवे मिटाकर, समाज को एकता के रंग में रंगने का अवसर देती है। महिलाओं की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए रंगपंचमी के दिन यह आयोजन किया गया, ताकि वे अपने लिए समय निकाल सकें और खुशियों के रंगों में रंग सकें। समिति भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए तीज मिलन, सावन उत्सव, होली मिलन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार करती आ रही है।






### रंगों से जुड़ा खूबसूरत संदेश

मंजरी गुप्ता ने कहा की मैं रंग हूं अपने परिवार का, अपने दोस्तों का और अपने चाहने वालों के चेहरे का, वो जितना खुश होंगे, मैं उतनी ही निखरती जाऊंगी। इस आयोजन को सफल बनाने में शशिप्रभा सिन्हा, हेमलता सिन्हा, कुसुमलता सिन्हा, नेहा यादव, पुष्पा यादव, अभिलाषा उपाध्याय, अनुराधा निर्मलकर, विमला साहू, श्यामबती साहू, नंदिनी त्रिपाठी, दीपा साहू, गायत्री सिन्हा, वंदिता यादव, सुमन बद्रीप्रसाद देवांगन, रेखा वर्मा, मंजू दुबे, सुमन नारायण देवांगन, लोकेश्वरी पॉल और पूजा सिन्हा राधा-कृष्ण रूप में सहित कई महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।

## नपं अध्यक्ष ने अमला के साथ किया निरीक्षण...



राजिम। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव और उनके साथ पार्षद, सीएमओ, इंजीनियर वार्ड क्रमांक 12 में पौनीपसारी मछली मार्केट एवं वार्ड क्रमांक 13 में निर्मित सब्जी मार्केट का निरीक्षण कर व्यवस्थित करने तथा वार्ड नंबर 14 के नाली दुरुस्त करने लिए निर्देश दिया गया।

## चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी मानदेय से तक वंचित

**छुरा।** त्रिस्तरीय पंचायती राज के अंतर्गत नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत जनपद जिला पंचायत का चुनाव सम्पन्न हुए माह बीतने को है चुनाव के पश्चात निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने अपना अपना कार्यभार ग्रहण कर दायित्व संभाल लिए हैं किन्तु विडंबना है कि जिन जनप्रतिनिधियों को यहां तक लाने में जिनका अहम योगदान रहा चुनाव में लगे उन अधिकारी कर्मचारियों को जिन्होंने मतदान दल के साथ साथ अन्य कार्यों में संलग्न रहकर दायित्वों का निर्वहन किया उन्हे चुनाव आयोग द्वारा दिया जाने वाला मानदेय अब तक प्रदान नहीं किया गया है। विदित हो कि कई कर्मचारियों की ड्यूटी नगरीय निकाय निर्वाचन एवं पंचायत चुनाव दोनो में दो बार या तीन बार किसी न किसी रुप में लगाई गई थी साथ ही इस बार महिला कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी सभी ने अपने अपने दायित्वों का निर्वहन किया किन्तु कार्योपरांत महिने भर बाद तक मानदेय से वंचित रखना उच्च अधिकारी के कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। जिन्हे जिले के चुनाव कराने की जिम्मेदारी राज्य चुनाव आयोग ने दी थी मानदेय प्रदान करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी।

## बीईओ व प्रिंसपल ने महिलाओं को सशक्त होने के लिए किया प्रेरित

# विपत्तियों का डटकर मुकाबला करें : बीईओ साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला जंवईबांधा व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के संयुक्त आयोजन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व महिला उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि धनेश्वरी साहू बीईओ अभनपुर, विशेष अतिथि डॉ. रिया तिवारी प्रिंसिपल ग्रेसियस कालेज अभनपुर, अध्यक्षता मुकेश साहू नवनिर्वाचित सरपंच ने की। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र में दीप प्रज्वलन के पश्चात सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ व बैच लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ धनेश्वरी साहू ने कहा कि अपने जीवन में संघर्ष करते हुए यह मुकाम प्राप्त किया है, एक महिला को समाज में प्रोत्साहित करने वाले कम होते है, जबकि हतोत्साहित करने वाले ज्यादा होते हैं, उन्होंने बताया कि उनके पिता टीआर साहू शिक्षक ने हमेशा उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया व असफल होने पर कभी मेहनत करना मत छोड़ना कहा। कहा कि आज अपने पिताजी के द्वारा दिए इसी गुरुमंत्र के कारण इस मुकाम पर पहुंची हूं उन्होंने महिलाओं सहित उपस्थित सभी लोगों को विपत्ति आने पर कमजोर नहीं पड़ने व डटकर मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. रिया तिवारी ने कहानी के माध्यम से बताया कि जब तक मानव में जेंडर के प्रति नही सोच नही बदलेगी तब तक समाज से लिंग भेद दूर नहीं किया जा सकता,इस बात को महिलाओं को सबसे पहले समझना है अपने परिवार मे ही बेटा व बेटियों में भेदभाव नही करना है जिससे समाज मे जेंडर संबंधी भेदभाव दूर हो सकेगा।

### महिलायों का करना चाहिए सम्मान : सरपंच



सरपंच मुकेश साहू ने कहा कि हमें हमेशा नारियों का सम्मान करना चाहिए व समाज में उचित स्थान देना चाहिए, जिससे नारी शक्ति आगे बढ़ेगी। नवनिर्वाचित महिला पंच सहित उपस्थित सभी महिलाओं का अतिथियों के द्वारा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। शाला विकास समिति व शाला परिवार के द्वारा अतिथियों का मोमेन्टो,शाल, श्रीफल व कलम देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने अपने उदबोधन में महिला शशक्तिकरण पर बल दिया। सरपंच मुकेश साहू के द्वारा विभिन्न खेलो में विजेता महिलाओं को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर बीईओ धनेश्वरी साहू, प्रिंसिपल डॉ. रिया तिवारी, एबीईओ राजेश साहू, शशिकिरण साहू, सरपंच मुकेश साहू, व्यायाम शिक्षक तारक सर, एसएमसी अध्यक्ष प्राथमिक व माध्यमिक द्वय चन्द्रशेखर साहू व राकेश साहू, उपाध्यक्ष डुकेश साहू, मालिक राम साहू, कपिल साहू,राधेश्याम साहू, घनश्याम साहू, प्रधान पाठक ओमप्रकाश सोनकला, प्रधान पाठक भागवत कुर्रे, शिक्षिका अंजूलता गिलहरे, शिक्षक चेतनलाल साहू, शिक्षक शंकर साहू, रिचा जांगड़े, दुलारी साहू, असमत साहू, इन्दु ध्रुव, गजाधर साहू, सुशीला यादव सहित बहुत संख्या में महिलाएं, पंचायत पदाधिकारीगण व ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अंजुलता गिलहरे ने किया।

# तेंदूफल पोषक तत्वों से भरपूर : डॉ. प्रज्ञेश

**रसेला।** तेंदुफल ग्रामीणों क्षेत्रों में पाया जाता है, लोग इसे बड़े चाव से खाते है। यह फल गर्मी में शरीर को ठंडक पहुंचाता है, पाचनतंत्र को भी मजबूत करता है, आयुर्वेद में तेदुफल को औषधीय गुणों से भरपूर माना गया है। गर्मी की शुरुआत होते ही तेंदू फल पेड़ों में पक जाता है, संग्राहक पेड से तोड़कर गांव और शहरों में तेंदू फल बेचते हैं। स्थानीय वैध महादेव ध्रुव बताते हैं कि तेंदू फल में कई औषधीय गुण है, इसे खाने से शरीर मजबूत होता है, मांसपेशियों विकसित होती है और यह कई बीमारियों से बचाव करता है। खासकर बरसात के मौसम में जब बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है तेंदू पेड़ के छालों के लेप त्वचा रोगों के लिए काफी कारगर है, तेंदू पेड़ के फल, छाल, बीज व पत्ता सभी का आयुर्वेदिक महत्त्व है। छाल के काढ़ा का उपयोग मुंह संबंधित रोगों के लिए किया जा सकता है। तेंदू फल पेट संबंधित रोग व स्त्रियों के गर्भाशय संबंधित उपचार में भी उपयोगी है।तेंदू पत्ते का उपयोग बीड़ी बनाने के लिए किया जाता है, लेकिन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के कारण बीड़ी का कारोबार धीरे-धीरे कम हो रहा है। ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉ. प्रज्ञेश देवांगन ने कहा कि तेंदूफल पोषक तत्वों से भरपूर होता है, इसमें विटामिन और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते है, इसमें फ्लेवोनॉयड्स होते हैं जो डायबिटीज को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं, इसका हाई फाइबर करेंट पाचनतंत्र को मजबूत करता है और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है। ग्रामीण इसे सुखाकर सालभर इस्तेमाल करते हैं।



## खबर संक्षेप



### खुटेरी सरपंच ने अंतिम संस्कार के लिए दिए दो हजार रुपए

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत खुटेरी सरपंच बेनी शंकर साहू अपने नवीन पदस्थ कार्यकाल में श्रद्धांजलि योजना के तहत प्रथम श्रद्धांजलि अनुदान राशि स्वर्गीय मान बाई खुटेरी परिवार को इस तहत 2000 राशि उनके निवास पहूंचकर शुक्रवार को प्रदाय किया गया। सरपंच ने कहा की छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार में श्रद्धांजलि योजना के तहत, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने परिवार के मुखिया या कमाऊ सदस्य की मृत्यु होने पर, अंतिम संस्कार के लिए मृतक के परिवार को 2,000 की तत्काल वित्तीय सहायता दी जाती है। इन्ही कर्तव्यों का निर्वहन किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच बेनी शंकर साहू, उपसरपंच डालू निषाद, समाजिक कार्यकर्ता दूष्यंत साहू, पंच खिलेश्वर निषाद, शंकर विश्वकर्मा ग्राम पटेल, बलराम सेन , नीलकंठ निषाद, फट्टे निषाद, राजाराम निषाद, रिखी निषाद, रामसिंग निषाद, हुमेश्वर निषाद उपस्थित थे।

### शाम को आसमान में छाए बादल, रिमझिम बारिश हुई



**फिंगेश्वर।** नगर में शाम को आसमान में उठे बादलों ने बिजली की चमक एवं बादलों की गर्जना के साथ रिमझिम बारिश हुई। बारिश के चलते जमीन की मिट्टी की खुशबू घरों तक पहुंची। जैसे बारिश होना चाहिए वैसा बारिश नहीं हुआ अलबत्ता बिजली कड़कने की आवाज से भय की लहर रही। हवाओं के झोकों ने बादलों को बहा ले गया। बाधित विद्युत भी कुछ देर बाद आ गई। दिन भर आसमान मे बादलों के छाने से सूरज की तपिश कम रहीं है। लोगों ने अच्छी बारिश की उम्मीद जताई थी लेकिन हल्की बारिश ही हुई।

### पेंशनर्स समाज के कार्यक्रम में आज शामिल होंगे विधायक

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज नवापारा का स्थापना दिवस पर 22 मार्च को दोपहर 12 बजे से पेंशनर भवन खोलीपारा में रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्रकुमार साहू, प्रमुख अतिथि ओमकुमारी-संजय साहू अध्यक्ष नगरपालिका गोबरा नवापारा के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चेतन भारती अध्यक्ष पेंशनर्स समाज करेंगे। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पार्षद उपस्थित रहेंगे।



### जनप्रतिनिधियों का सम्मान व होली मिलन समारोह आज

**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू के आतिथ्य में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन आज 22 मार्च को अलका अग्रवाल भवन चंडी मोड़ अभनपुर में रखा गया है। इस कार्यक्रम में रहस एवं फाग गीत भी होगा। कार्यक्रम में नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,चंपारण मंडल अध्यक्ष नारायण यादव, नगर पालिका परिषद नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, जनपद अध्यक्ष चंद्रिका-जितेंद्र बंजारे, अभनपुर मंडल अध्यक्ष भरत बैस, खोरपा मंडल अध्यक्ष किशोर साहू मौजूद रहेंगे।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित प्राक्चयन परीक्षा कल

**महासमुंद।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा के आयोजन में आंशिक संशोधन किया गया है। उक्त लिखित प्राक्चयन परीक्षा रविवार 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

**सुविधा : 31 मार्च तक पंजीयन नहीं कराया तो किसान योजनाओं से हो सकते हैं वंचित**

# किसानों को मिलेगी डिजिटल आईडी, पहचान के लिए नहीं काटने होंगे सरकारी दफ्तरों के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

अब किसानों को अपनी पहचान के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। जिस तरह आम नागरिकों के लिए आधार कार्ड जरूरी होता है, उसी तरह किसानों के लिए डिजिटल फार्मर आईडी किसान कार्ड बनाई जा रही है। एग्री स्टेक परियोजना के तहत जिले के सभी किसानों की पहचान को डिजिटल रूप दिया जा रहा है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। गरियाबंद जिले के कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की पहल की जा रही है एग्रीस्टेक परियोजना के तहत जिले के हर किसानों का डिजिटल फार्मर आईडी किसान कार्ड एवं कृषि भूमिधारक का कृषि भूमि पहचान पत्र बनाया जा रहा है राज्य शासन द्वारा इसके जरिये किसानों को कृषि योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि यंत्र अनुदान आदि सभी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त हो सकेगा जिले में एग्रीस्टेक योजना के तहत समस्त कृषकों का निःशुल्क पंजीयन के लिए सभी लोक सेवा केन्द्र च्वाईस सेंटर, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है। किसान भाईयों से अपील की जाती है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका व बी-1 की छायाप्रति एवं आधार कार्ड में लिंक मोबाईल नंबर के साथ अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र च्वाईस सेंटर, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में जाकर निःशुल्क पंजीयन जल्द से जल्द करा लेवें। एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों से संपर्क कर सकते है।



#### 64 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

गरियाबंद जिला में 64 हजार से ज्यादा किसानों का पंजीयन करवाया जा चुका है प्रतिदिन 3 हजार किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। उन्होने बताया गरियाबंद जिले में लगभग 1 लाख 12 हजार के आसपास किसान है और गांव-गांव लगातार प्रचार प्रसार कर लोगों को पंजीयन कराने के लिए अपील किया जा रहा है।

-चंदन राय,
उपसंचालक कृषि विभाग

#### 30 मार्च तक पंजीयन नहीं तो योजनाओं से वंचित हो सकते हैं किसान

30 मार्च 2025 तक सभी किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं और लोक सेवा केंद्रों च्वाईस सेंटर में भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को जागरूक करने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं तहसीलदार, पटवारियों राजस्व विभाग के अमला को प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं पंजीयन को स्वीकृत करने के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। किसान स्वयं ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं या फिर निकटतम लोक सेवा केंद्र च्वाईस सेंटर में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता होगी कृषि भूमि का बी-1 दस्तावेज, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर (ओटीपी सत्यापन के लिए) पंजीयन के बाद किसानों को आधार से जुड़ी 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी प्राप्त होगी, जिससे वे धान विक्रय पंजीयन, कृषि ऋण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे।

#### जल्द करवाएं पंजीयन

कृषकों भूमि-स्वामियों से अपील किया है कि 31 मार्च तक अपना पंजीयन करवा ले जिसके लिए विभाग द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

-गेंदलाल साहू,मैनपुर तहसीलदार

## नपं अध्यक्ष लुकेश्वरी ने पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने नगर पंचायत में विधिवत विशेष पूजा-अर्चना करा कर नगर पंचायत कार्यालय के अध्यक्ष चेंबर में किया। इस मौके पर लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा कि हम अपने सारे वादे पूरे करेंगे नगर के विकास के लिए जी तोड़ मेहनत करेंगे। पहली प्राथमिकता उनकी स्वच्छता अभियान की होगी। शहर हरा-भरा रहे, साफ-सुथरा रहे और हर घरों में शुद्ध पीने का पानी पहुंचे ऐसा निर्देश उन्होने पदभार ग्रहण करते ही अधिकारी कर्मचारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि वे समय समय में शहर के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेंगे। जहां समस्या दिखेगी उसका त्वरित निदान किया जाएगा। वार्डवासियों से उनकी जरूरतों को पूछा जाएगा। पदभार ग्रहण करने के दौरान पार्षद भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, चित्ररेखा ध्रुव, संगीता दीक्षित, गरिमाध्रुव, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, मानसिंह निषाद, भवानीशंकर सेन, सुजल कोठारी, तुलाराम साहू, निखिल साहू, नरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र चंद्राकर, दिशांक चंद्राकर, लीना दुबे, दुलम बाई,सुनीता चंद्राकर, संतोषी साहू, वेदिका वासनिक, ,नारायण पटेल, मेषनंदन पांडेय, जितेंद्र ध्रुव, अजय दीक्षित,रमेश शर्मा, यशवंत यादव, के साथ गणमान्य नागरिक एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

### नपं अध्यक्ष महेश का हुआ स्वागत

राजिम। नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव का सम्मान शॉल श्रीफल भेंट कर किया गया। साथ में वार्ड क्रं 7 के पार्षद बलराम यादव ,पार्षद वार्ड क्रं 5 भरत यादव ,पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रं 6 उत्तम निषाद अध्यक्ष एंव पार्षद सम्मान किया गया। इस अवसर पर किसान सेवा समिति राजिम संरक्षक ताराचंद मेघवानी, अध्यक्ष भागवत साहू, कोषाध्यक्ष राजेश धीवर, पूर्व अध्यक्ष मुन्ना सोनकर, मां महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यादू, भोले साहू, पुरन साहू, साधू निषाद, पवन सोनी, रामजीवन साहू, रतनू साहू ,शिवकुमार साहू, प्रहलाद नगारची मौजूद थे संचालन कोषाध्यक्ष राजेश धीवर ने किया एंव आभार व्यक्त भागवत साहू अध्यक्ष किसान सेवा समिति राजिम ने किया।



## होली मिलन समारोह में उड़े गुलाल और जमकर थिरके भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में शुक्रवार को भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता से लेकर ग्रामीण इलाके के कार्यकर्ता पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा होली का पर्व हमें भाईचारा का संदेश देता है मन में एक दूसरे के प्रति प्रेम का संदेश देता है। सांस्कृतिक एकता और समाज में समरसता का संदेश देने वाला यह उत्सव, सभी के जीवन में नई ऊर्जा, नई चेतना का संचार कर सुख-समृद्धि लेकर आएय यही कामना के साथ सभी वरिष्ठ जनों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं प्रेषित किया एवं जमकर होली फाग गीतों में थिरके लगाए। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू, कन्हैया लाल साहू, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामदास वैष्णव, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदिनी नेताम, युवा मोर्चा जिला मंत्री घनश्याम मरकाम, आरटीआई जिला संयोजक रूपेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश कश्यप, मोहित दिवेदी, किशोर यदु, टीजु राम सिन्हा, मोहन कुशवाहा, कोमल सोनवानी, यमराज ओंटी, राम जी साहू, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री बॉबी सचदेव, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज निर्मलकर युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष हेमंत साहू डाकेशवर नेगी बिसेसर सिक्का हेमलाल यादव उपस्थित थे।

### पार्षद ने सौंपा ज्ञापन ...



**राजिम।** वार्ड नंबर 14 के पार्षद कुलेशवर साहू ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। जिसमें पानी की समस्या, सड़क, बिजली खंभे में लाईट, शंकर नगर में नाली की समस्या, पथर्रा नाला तक आरसीसी नाली, टंकी निर्माण, तालाब सौन्दर्यीकरण, स्ट्रीटलाईट, स्वागत गेट शामिल हैं।

## शिक्षा का विकास व छात्रों के भविष्य के लिए कॉलेज खोलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की उन्नति के लिए कॉलेज खोलने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने मांग किया है कि ग्राम मुरमुरा में जय मां झरझरा शासकीय महाविद्यालय के नाम से कॉलेज खोला जाय, क्योंकि आसपास के क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए कॉलेज नहीं होने के कारण आगे की डिग्री से वंचित है, धुरसा, कशेरुडीह, सहसपुर, लोहरसिंग, तरीघाट, छूहिया, चरौदा, बोड़की, फुलझर, जोगीडीपा, जमाही, फुलझर, सांकरा गाड़ाघाट, तौरेगा ऐसे बहुत से गांव आते हैं, जहां पर विद्यार्थियों को आगे कॉलेज की पढ़ाई के लिए 20 से 25 किलोमीटर दूरी तय कर राजिम, फिंगेश्वर जाना पड़ता है, और ऐसे बहुत से लड़कियों को उतना दूर कॉलेज की पढ़ाई करने जाने में असुविधा होती है, क्योंकि आने जाने के लिए गाड़ी साधन की व्यवस्था समय पर नहीं होता जिससे बहुत से लड़के, लड़कियां अपने आगे की डिग्री से वंचित हो जाते हैं, आगे रोशन साहू ने कहा कि इंसान को जीने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता होती है रोटी, कपड़ा और मकान लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण आवश्यकता है तो वो सिर्फ और सिर्फ शिक्षा हैं, क्योंकि शिक्षा एकमात्र ऐसा साधन है जो हमें जीवन भर लाभान्वित करता है, इसलिए आगे विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य को देखते हुए कॉलेज शीघ्रता से बने। युवा नेता अनिल साहू ने भी मांग किया है कि विगत कई वर्षों से मुरमुरा गांव में विद्यार्थियों की आगे कॉलेज की पढ़ाई के लिए कॉलेज की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

### चंडी दाई सिरपुर में नवरात्रि की तैयारी

**महासमुंद।** जय चंडी दाई सिरपुर में चैत्र नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई है। यहां मनोकामना के अखंड ज्योति प्रज्जवलित किए जाएंगे। गंधेश्वरनाथ महादेव मंदिर ट्रस्ट कमेटी के दाऊलाल चंद्राकर ने बताया कि अखंड ज्योति के लिए 651 रुपए की राशि तय की गई है।




**बोर्ड और कॉलेज की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित**

## मेधावी छात्रों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करें : ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

कलार समाज परिक्षेत्र की वार्षिक आयोजन सेंदर में सामाजिक मंच पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, शिक्षक, वर्तमान में नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों पंच, सरपंच, जनपद, जिला पंचायत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां बोर्ड और यूनिवर्सिटी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नव प्रयोग प्रयास के कारण राज्यपाल पुरूस्कार के चिन्हांकित सिर्रीखुर्द शिक्षक खोमन सिन्हा कुण्डेल को भी सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रतिभावान को सम्मानित करते कलार समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना कलार समाज का उद्देश्य है। आगे कहा की समाज के प्रतिभाओं का समय-समय पर सम्मान होना चाहिए। प्रतिभावान छात्र-छात्राएं और युवक, समाजिक पदाधिकारी सेवाकर,समाज का गौरव है। समाज के बच्चों, युवाओं से आह्वान है कि शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों खेल, आर्ट में अपनी प्रतिभाएं दिखाना चाहिए। हम सब किसान है, कृषि के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट सर्वश्रेष्ठता से समाज का नाम रौशन कर सकता है, ऐसे लोग भी सम्मान के अधिकारी हैं। ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा की कलार समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नव प्रयोग प्रयास के राज्यपाल पुरुस्कार के चिन्हांकित से सिर्रीखुर्द शिक्षक खोमन सिन्हा कुण्डेल को मोमेंटों भेंटकर सम्मानित किया गया।





#### शिक्षा से समाज को मिलती है नई दिशा

कलार समाज सचिव राजकुमार सिन्हा ने कहा की बोर्ड और यूनिवर्सिटी परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और चांदी का मेडल देकर सम्मानित किया गया। कलार समाज परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा ने कार्यक्रम के महत्व पर कहा की कार्यक्रम के तहत समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और विद्यार्थियों को प्रेरित कर सकते है। आयोजन में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया और कहा गया कि शिक्षा से ही समाज को नई दिशा मिल सकती है। शिक्षा के अलावा, अन्य क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले लोगों का भी सम्मान किया गया। आयोजन में फिंगेश्वर अंचल के 22 गांव के समाजिक, पदाधिकारी एवं छुरा, देवभोग, राजिम, अभनपुर क्षेत्र के कलार समाज उपस्थित थे।

